तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज गोपाल सिंह वगैराह बनाम वकील सिंह वगैराह मु0नं0 29/2021 (जी.सी.एम.एस. नं. 2021/43)	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16.11.2021	पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। वकील अपीलांटस् की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रतित होता है कि अपीलांटस् द्वारा प्रस्तुत हस्तगत अपील सरपंच ग्राम पंचायत श्यामपुरा पंचायत समिति धोद जिला सीकर द्वारा नामान्तकरण संख्या 1357 ग्राम श्यामपुरा तहसील धोद जिला सीकर पर पारित अपीलाधीन आदेश दिनांक 19.03.2021 के विरूद्ध पेश की गई है। सरपंच ग्राम पंचायत श्यामपुरा द्वारा पारित अपीलाधीन आदेश दिनांक 19.03.2021 के विरूद्ध प्रस्तुत अपील की सुनवाई का अधिकार इस न्यायालय को प्रदत नही है। ऐसी स्थिति में अपील पर अग्रिम कार्यवाही न्यायालय हाजा के स्तर पर संभव नही है तथा अपीलांटस् की अपील खारीज किया जाना उचित है। अतः उपरोक्त तथ्यों के परिपेक्ष्य में परिणामतः अपील अपीलान्टस् खारिज की जाती है। यदि अपीलांटस् को कोई आपत्ति है तो वे सक्षम न्यायालय में चाराजोही करने के लिये स्वतंत्र है। अधीनस्थ न्यायालय का रिकार्ड निर्णय की प्रति के साथ पालानार्थ लौटाया जावे। इस न्यायालय की पत्रावली फैसल शुमार नम्बर से कम होकर बाद पूर्ति लेख भण्डार हो। (बाबूलाल गोयल) अति.संभागीय आयुक्त, जयपुर	

Scanned by CamScanner